# स्वच्छ देश के रूप में होने लगी है अब हमारी पहचान

## राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान व कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 14 अक्टूबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से स्वच्छता को अपनी महत्वपूर्ण प्राथमिकता बनाया. उनकी इस पहल से स्वच्छता के क्षेत्र में न केवल देश का माहौल बदला अपितु विश्व के कई देशों ने उनकी इस पहल को अनुकरणीय बताया.**

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आर्थिक रूप से सशक्त देश के रूप में स्थापित हुआ है. अब हमारी पहचान स्वच्छ देश के रूप में होने लगी है. स्वच्छता को दी गई प्राथमिकता से राज्यों के साथ शहरों में भी स्वच्छता के लिए प्रतिस्पर्धा बढ़ी है. राज्य सरकार और प्रदेशवासियों के लिए यह उपलब्धि और गर्व का विषय है कि मध्यप्रदेश देश के प्रमुख स्वच्छतम राज्यों में शामिल है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को रवीन्द्र भवन में 5वें राज्य स्तरीय स्वच्छता सम्मान एवं कार्यशाला स्वच्छता समग्र समारोह को संबोधित कर रहे थे. इससे पहले उन्होंने सफाई मित्रों का सम्मान किया. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक से प्रदेश के नगरीय निकायों को रुपए 7 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी.



उन्होंने कहा कि हम प्रदेश को ग्रीन और क्लीन सिटी वाला प्रदेश बनाने की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं. स्वच्छता में इंदौर ने नित नए कीर्तिमान गढ़े हैं. स्वच्छता सर्वेक्षण में मध्यप्रदेश के उज्जैन, भोपाल और जबलपुर सहित 8 शहरों को स्वच्छता पुरस्कार प्राप्त हुए हैं. स्वच्छता में मंडला, टीकमगढ़ जैसे 6 छोटे जिलों ने भी स्थान बनाया है. राज्य सरकार का संकल्प है कि हम आने वाले समय में शहरों से लिगेसी वेस्ट को समाप्त करेंगे.

### दीपावली से पहले 22 हजार करोड़ की सौगात मिली

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है आज स्वच्छता की विभिन्न कैटेगरी में 64 पुरस्कार प्रदान किए गए हैं. प्रदेश को दीपावली से पहले ही साढ़े 22 हजार करोड़ रुपए की सौगात मिल रही है. आज 10 हजार करोड़ रुपए की नमामि नर्मदे योजना प्रारंभ की जा रही है. अमृत 2 योजना के तहत 7 हजार करोड़ रुपए की सौगात मिल रही है. मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना की भी शुरुआत हो रही है जो 5 हजार करोड़ रुपए लागत की है. आगामी 3 वर्षों में लगभग 20 हजार करोड़ रुपए की योजनाएं मूर्तरूप लेंगी.

### सीएम आज ओरछा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को निवाड़ी जिले के ओरछा में श्री रामराजा लोक के द्वितीय चरण के निर्माण की आधारशिला रखेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव 257 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत के कार्यों का भूमिपूजन और 74 करोड़ 90 लाख रुपए की लागत के कार्यों का लोकार्पण और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में हितग्राहियों को हितलाभ वितरण भी करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव श्री रामराजा सरकार के दर्शन करेंगे और जुझार सिंह महल का भ्रमण कर श्री रामराजा लोक फेस-1 के निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन करेंगे.

## आज रहेगा बुध पुष्य नक्षत्र, खरीदारी और निवेश के लिए शुभ समय

**भोपाल.** दिवाली से पहले इस वर्ष पुष्य नक्षत्र दो दिन बना हुआ है. मंगलवार को मंगल पुष्य के साथ सिद्धि योग रहा, वहीं आज बुधवार को बुध पुष्य के साथ साध्य योग बन रहा है. ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह संयोजन अत्यंत शुभ माना जाता है. ये दिन व्यापार, निवेश और नई वस्तुओं की खरीदारी के लिए विशेष रूप से लाभकारी रहेगा. पुष्य नक्षत्र का प्रभाव आज दोपहर 12 बजे तक रहेगा. इस दौरान ग्रहों की स्थिति ऐसी बन रही है कि सोना-चांदी, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, भूमि या गृह उपयोगी वस्तुओं की खरीद से आर्थिक प्रगति के योग बनते हैं. जो नया व्यवसाय शुरू करने या कोई बड़ा सौदा करने की सोच रहे हैं, उनके लिए यह समय अत्यंत फलदायी साबित हो सकता है.



## खड़ी कार में अचानक लगी आग

**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अक्टूबर. शाहपुरा इलाके के मनीषा मार्केट के पास सड़क पर खड़ी एक कार में अचानक आग लग गई. मंगलवार को हुए इस हादसे के दौरान किसी भी व्यक्ति के झुलने की जानकारी नहीं है. आगजनी की घटना के दौरान अन्य वाहन भी वहां खड़े नहीं थे, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया.**

प्रत्यक्षदर्शियों ने कार में आगजनी की घटना होने पर तुरंत ही फायर बिग्रेड़ टीम को सूचना देकर बुलाया. मौके पर पहुंची टीम ने कुछ ही देर में आग पर काबू पाया. मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि जिस कार में आगजनी की घटना हुई थी. उस कार के बोनट से धुआं निकल रहा था, जिसके बाद अचानक से कार में आग लग गई. हादसे के दौरान कार के अंदर कोई भी नहीं था और आसपास कोई अन्य वाहन भी खड़ा नहीं होने से बड़ा हादसा टल गया.

# ओजस्वनी महोत्सव में बढ़ रही रौनक



**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 14 अक्टूबर. बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में हर साल की तरह इस बार भी ओजस्वनी महोत्सव का आयोजन किया जा चुका है. मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों की कला और कारीगरों के उत्पाद ग्राहकों के आकर्षण और खरीद का केंद्र बने हुए हैं.**

महोत्सव में जम्मू के एम्ब्रायडरी कुर्तियां, कोलकाता के कथावर साड़ियां, महारष्ट्र के जागरी बाइट्स, गुजराती नमकीनों का भंडार, बुधनी से लकड़ी के खिलौने, मिट्टी के सुन्दर दिये, पॉटरी और अन्य डेकोरेशन के सामान सहित दिवाली के अवसर पर इस्तेमाल होने वाली तमाम वस्तुओं के स्टॉल लगे हुए हैं. इस महोत्सव के द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को भी बढ़ावा दिया जा रहा है. जिन पर ग्राहकों की भीड़ शाम होते ही लगनी शुरू हो जाती है. मेला अधिकारी आलोक सक्सेना के अनुसार यह महोत्सव 16 अक्टूबर तक चलने वाला है.



मैंने यहां घर में, गाड़ियों में सजा कर रखने वाले कुछ मूर्तियां और लॉफिंग गुड्डा सहित कई अलग अलग आकृतियों के सामन रखे हुए हैं. ग्राहक बड़े ही चांव से इन्हे ले जा रहे हैं और पसंद भी कर रहे हैं. इन मूर्तियों को बनाने में हमें 2 से 3 दिन का समय लगता है.

**दिलीप गुप्ता,** मेरठ, यूपी



हमारे स्टॉल में पूरे लकड़ी के खिलौने मिल जाएंगे ऐसे खिलौने जो पर्यावरण के लिहाज से भी अच्छे हैं. और बच्चों को इससे खेलने में किसी भी तरह की समस्या नहीं होती है. यह खिलौने लकड़ी से बने हैं. तो उनकी सेहत के लिए भी अच्छे हैं.

**रेखा मांझी,** बुधनी, मप्र



## पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मां हरसिद्धि मंदिर में मत्था टेका

**बैरसिया, 14 अक्टूबर. मध्यप्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती मंगलवार को बैरसिया क्षेत्र के प्रसिद्ध मां हरसिद्धि मंदिर तरावली पहुंची. जहां उन्होंने मां हरसिद्धि के दर्शन किए वही महंत गुलाब गिरी महाराज ने उन्हें चुंदरी उड़ा आशीर्वाद दिया.**

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने हरसिद्धि मां से प्रदेश की अमन चेनी ओर खुशहाली की कामना की. इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के साथ भोपाल के कई कद्दावर नेता एवं क्षेत्रीय विधायक विष्णुखत्री, भाजपा नेता कृष्णा पचौरी, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल सिह मीणा, जनपद अध्यक्ष लता कुवेर सिह गुर्जर, मंडल अध्यक्ष दयाल सिह गुर्जर, रामबाबू मीणा, पूर्व जिला सदस्य राजू मीणा, विधायक के निज सचिव जितेंद बघेल, पूर्व पार्षद अमित साहू, सरपंच अनिल धाकड़, दसरथ दांगी सहित बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया.

# कांग्रेस ने रुपये का अवमूल्यन किया

## इसलिए कमजोर हुई अर्थव्यवस्था

- आजादी के समय एक रुपये का मूल्य एक डॉलर के बराबर था
- भारत संकल्प अभियान को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 14 अक्टूबर. आजादी के समय एक रुपये का मूल्य एक डॉलर के बराबर था, देश पर कोई विदेशी कर्ज भी नहीं था, लेकिन कांग्रेस ने फिर रुपये का अवमूल्यन कर दिया, इससे भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर हो गई.**

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समन्वय भवन में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भोपाल दक्षिण पश्चिम विधानसभा के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत मिशन के माध्यम से विश्व में एक महत्वपूर्ण विनिर्माण केंद्र के रूप में उभर रहा है. अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पाद अपनाकर और भारतीय उद्यमियों और कारीगरों का समर्थन कर हम एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऐतिहासिक रूप से भारत में व्यापार व्यवसाय समृद्ध रहा है. अनुशासित जीवन पद्धति जियो और जीने दो के विचार का अनुसरण करने के परिणाम स्वरूप भारतीय समाज सदैव पुष्पित पल्लवति होता रहा है. समाज में विद्यमान धर्मादा की परम्परा से शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी जनकल्याण गतिविधियों का संचालन होता था. पिछली सरकारों की लाइसेंस, कोटा, परमिट जैसी नीतियों से देश की मुद्रा का अवमूल्यन हुआ और समाज द्वारा संचालित व्यवस्थाओं में भी शासकीय हस्तक्षेप के दुष्परिणाम सामने आने लगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आगामी दिनों में आ रहे त्यौहारों में स्वदेशी सामग्री का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित किया.

### कानून का उल्लंघन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कानून का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. कानून की नजर में अधिकारी-कर्मचारी और आम जन सभी समान हैं और जो भी गलती करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. सिवनी प्रकरण में लिप्त पुलिस के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों पर कायमी होने के साथ-साथ उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की गई है. राज्य सरकार कानून व्यवस्था के प्रति विशेष संवेदनशील है. प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हम प्रतिबद्ध हैं. मुख्यमंत्री ने सिवनी हवाला मनी लूट मामले में दोषी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के विरूध एफआईआर दर्ज करने के संबंध में मंत्रालय में मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए.

## हवालाकांड के शिकायकर्ता को हाईकोर्ट में पेश करने के निर्देश

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट ने सिवनी पुलिस से पूछा है कि हवाला लूटकांड के शिकायतकर्ता को बिना रिमांड पुलिस कस्टडी में क्यों रखा गया. चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने सिवनी पुलिस को निर्देशित किया है कि शिकायतकर्ता को आज 15 अक्टूबर को पेश करें. जालना निवासी गंगाबाई परमार की ओर से बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर आरोप लगाया गया कि उसके पति सोहनलाल परमार को पुलिस ने कई दिनों से बंदी बनाकर रखा है. याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता श्रेयस दुबे ने दलील दी कि सोहनलाल की शिकायत पर ही मामला उजागर हुआ था. पुलिस ने उसे 10 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था और 12 तारीख को छोड़ दिया था. छूटने के बाद वह अपने घर जालना चला गया. उसी रात जालना पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पुन: सिवनी पुलिस को सौंप दिया.

# दीपावली पर शहर के 8 स्थानों पर लगेंगी पटाखा दुकानें

- प्रशासन ने जारी किए कड़े दिशा-निर्देश

**जूनियर रिपोर्टर**

**भोपाल, 14 अक्टूबर.** दीपावली त्यौहार के लिए इस बार शहर के आठ स्थानों पर अस्थाई पटाखा बाजार लगाए गए हैं. जिला प्रशासन ने सुरक्षा और अनुमति के नियमों को सख्ती से लागू करने के लिए निर्देश दिए हैं. शहर में कुल 1080 पटाखा दुकानों को अनुमति दी गई है, जिनके बीच 10 फीट की दूरी रखना जरूरी है. दुकानों का आवंटन लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया गया है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना अनुमति के मनमर्जी से कोई दुकान नहीं लगा सकता. व्यापारियों ने अस्थाई लाइसेंस के लिए आवेदन किया है, जिसके बाद उन्हें नियमानुसार टीन शेड वाले स्लॉट में ही पटाखे बेचने की अनुमति है. सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी अस्थाई बाजारों में फायर ब्रिगेड वाहन और स्टाफ की तैनाती की गई है. प्रशासन के अनुसार, शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पटाखा बाजार इस प्रकार लगाए गए हैं. बैरसिया में 200, गोविंदपुरा में 170, कोलार में 165, हुजूर में 80, टीटी नगर में 85, बैरागढ़ में 80, सिटी क्षेत्र में 120 और एमपी नगर में 180 दुकानें लगाई है. नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन का कहना है कि इस बार दीपावली के दौरान सुरक्षा, दूरी और अनुमति से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का सख्ती से पालन कराया जाएगा.

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम शमीम अखतर था। जिसे बदलकर शमीम अखतर मूसा कर दिया गया है। मुझे SHAMIM AKTHER MOOSSA D/O KHAN BAHADUR KUTTI MOOSSA नाम से जाना व पहचाना जाऐं।

सही : शमीम अखतर मूसा
वार्ड नं. 10, भरवेली अमेड़ा,
जिला –बालाघाट (म.प्र.)

### कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल

#### जोन क्र. 09, वार्ड क्र. 69

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जोन कार्यालय क्र. 09 नगर निगम भोपाल के निम्न वार्ड कार्यालय 69 से प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर नियमानुसार शुल्क जमा कराए जाने के पश्चात उनके नाम संपति कर अभिलेखों में परिवर्तित किए जाना हैं. यदि किसी को भी इन लीज नामांतरण पर कोई आपत्ति हो तो अभिलेखों के साथ जोन क्र. 09 नगर निगम भोपाल में 15 दिवस के आंदर प्रस्तुत कर सकते हैं. उक्त निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति अमान्य कर दी जावेगी.

| क्र. | वार्ड क्र. | आवेदक का नाम | पूर्व स्वामी का नाम | भूखंड का पता | खाता नं./ संपत्ति कर आईडी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 69 | श्री अयाज उद्दीन पुत्र श्री शहजाद उद्दीन | 1. शहजाद उद्दीन पुत्र श्री मजीद उद्दीन<br>2. श्री अयाज उद्दीन पुत्र श्री शहजाद उद्दीन | भूखंड क्र. 224 अशोक विहार कॉलोनी | P000024416 |

सू.क्र. 2558/025/026

जोनल अधिकारी
जोन क्र. 09
नगर निगम, भोपाल

## आज रखरखाव कार्य के लिए रुनाहा - नजीराबाद में होगी बिजली कटौती

**बैरसिया.** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बुधवार को 132 के.व्ही. उपकेंद्र रुनाहा सबस्टेशन पर रखरखाव प्रस्तावित है. नजीराबाद क्षेत्र के सहायक यंत्री मिथलेश यादव ने बताया कि कंपनी द्वारा रुनाहा विद्युत सबस्टेशन से निर्गमित 33 के. व्ही. रुनाहा, नजीराबाद, मजीदगढ़, नायसमंद, रमगढ़ा, गडाकला, खुकरिया उपकेंद्र की 33 के.व्ही.लाइन का आवश्यक कार्य किया जाना है. इस कारण संबंधित 33/11 के.व्ही. से निर्गमित सभी उपकेंद्र के समस्त फीडरो से जुड़े 180 गांव के विद्युत उपभोक्ताओं की सप्लाई प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहेगीं. उन्होंने बताया कि कंपनी आवश्यकता अनुसार समयावधि में परिवर्तन कर सकती है.










